एक नजर में

जिले का कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे : जिला जनगणना अधिकारी

मंदसौर। जिला जनगणना अधिकारी और अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने जिले में संचालित जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फील्ड में कार्यरत प्रगणकों से मकान सूचीकरण एवं जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा कार्य के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं एवं कठिनाइयों पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन परिवारों द्वारा स्वगणना की जा चुकी है, वहां स्वगणना आईडी का उपयोग करते हुए ही जनगणना कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे तथा प्रत्येक स्तर पर डेटा की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से अपील की कि राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ संपादित करें, जिससे जिले से शत-प्रतिशत सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण आंकड़े प्राप्त हो सकें। उल्लेखनीय है कि मंदसौर जिले द्वारा प्रदेश में सर्वाधिक लगभग 48 हजार स्वगणना आईडी का उपयोग करते हुए जनगणना कार्य किया गया है, जो जिले में डेटा गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। निरीक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सत्येंद्र राठौर एवं जनगणना से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत जिले में किसान रथ का 10 दिवसीय संचालन शुरू

मन्दसौर। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों तक नवीन एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखंडों में किसान रथ का 10 दिवसीय संचालन प्रारंभ किया गया है। विधायक हरदीप सिंह डंग ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। इस अभियान के माध्यम से कृषकों को कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की योजनाओं, ई-विकास के माध्यम से उर्वरक वितरण, उन्नत खेती तकनीकों, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, उद्यानकी फसलों की खेती एवं कृषि यंत्रीकरण संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त खरीफ फसल हेतु बीज उपचार, मृदा परीक्षण, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, फसल सुरक्षा, पराली प्रबंधन तथा कृषि अभियांत्रिकी द्वारा खरीफ पूर्व खेतों के समतलीकरण आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी।उपसंचालक कृषि रविन्द्र मोदी ने बताया कि किसान रथ जिले के प्रत्येक विकासखंड में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार भ्रमण करेगा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कृषकों से संवाद स्थापित कर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

बच्चे वैदिक संस्कार-आत्मरक्षा की ले रहे ट्रेनिंग

संस्कार शिविर का समापन समारोह आज

नारायणगढ़। नारायणगढ़ में आर्य समाज और आर्य वीर दल द्वारा आयोजित वैदिक संस्कार, योगाभ्यास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 2026 का भव्य आयोजन 1 मई से प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसका समापन समारोह आज रविवार को आयोजित किया जा रहा है। अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी के बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 16 दिनों में 150 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने वैदिक संस्कारों के साथ-साथ योगासन, अस्त्र-शस्त्र संचालन और आत्मरक्षा की बारीकियों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। सभी प्रशिक्षार्थियों को भोजन की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की गई है।

आर्य समाज नारायणगढ़ प्रधान ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि समापन कार्यक्रम आज 17 मई, रविवार सायं 5 बजे से आर्य समाज नारायणग?जिला मंदसौर के प्रांगण में प्रारंभ होगा। इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि कोटा राजस्थान से पधारे सत्यार्थ मुनिजी महाराज होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्तौड़गढ़ गुरुकुल के ट्रस्टी मनुदेव जी आर्य उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमच के पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. राजेश पाटीदार करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर भोजन प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

शिविर को सफल बनाने में प्रशिक्षक नंदकिशोर इंदौरिया, नरेश आर्य, विशाल चौधरी सहित अतिथि शिक्षिका रिचा शर्मा और विशाल का विशेष योगदान रहा है। समापन समारोह के अवसर पर शिविर के संभागियों द्वारा अपनी मनमोहक और साहसिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसे लेकर नगर और क्षेत्र के आर्यजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंत्री बसंत पाटीदार, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश हियार, नगर संचालक ललित चौधरी, सचिव धीरज कापड़िया, कोषाध्यक्ष अरविन्द कापड़िया शाखा नायक अनिल चौधरी, संयोजक पंकज पाटीदार, सहसंयोजक राजेश इलोरिया ने समस्त आर्यजनों और नगरवासियों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

नगर परिषद गरोठ की बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों को दी हरी झंडी

गरोठ। नगर परिषद गरोठ की पीआईसी एवं साधारण सम्मेलन बैठक नगर परिषद सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, नाली, घाट निर्माण, पेवर ब्लॉक, गार्डन विस्तारीकरण एवं बाजार विकास सहित करोड़ों के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई।

गांधी चौक से सादर बाजार, बोलिया रोड, शामगढ़ नाका, पंचायत भवन क्षेत्र सहित विभिन्न वार्डों में सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्यों पर सहमति बनी। वहीं अंजनी नदी के सौंदर्यीकरण एवं घाट निर्माण, महाराणा प्रताप गार्डन के विस्तारीकरण तथा सागलदेव महाराज मंदिर मार्ग के विकास कार्यों को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा नवीन बस स्टैंड स्थित रिक्त भूमि पर दुकान निर्माण, हॉट बाजार में प्री-कास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण तथा अंजनी उद्यान पार्क में अतिरिक्त विकास कार्यों पर भी निर्णय लिए गए। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, सीएमओ गिरीश शर्मा, उपाध्यक्ष महेश मालवीय सहित पार्षद, एल्डरमेन एवं सांसद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

मंदसौर। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन जागरूकता ब?ाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डेंगू अत्याधिक प्रभावित क्षैत्र गुदरी तोड़ा मोहल्ले में किया गया।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस हर वर्ष 16 मई को मनाया जाता है, वर्ष 2026 राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम देखें,साफ करें, ढकें; डेंगू के हराने को उपाय करें को ध्यान में रखते हुए मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारी पोस्टर बैनर एवं नारों के साथ वार्ड 26 गुदरी तो?ा पशुपतिनाथ गेट से पोस्टर, बैनर तकतियां, लेकर स्थानीय वार्ड पार्षद साबीर भाई एवं आमजन द्वारा ईमाम बा?ा गुदरी से होते हुए डेंगू के नारे लगाते हुए जागरूकता रैली का निकल गई एवं जनमानस से डेंगू जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है।

इस वर्ष डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग का मुख्य नारा है अपने ही घर में डेंगू के लार्वा को जाँचें, सफाई करें और ढकें डेंगू से बचाव ही इसका सबसे प्रभावी उपचार है।

शिवसेना युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सौंपी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

मंदसौर। शिवसेना युवा सेना के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव किरण दादा साली के नेतृत्व में मौनतीर्थ पीठ आश्रम गंगा घाट उज्जैन में 31 मई को युवा महोत्सव का आयोजन की रणनीति को लेकर प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियां एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश राज्य प्रमुख अनुराग सोनार द्वारा जारी किये गये। उक्त जानकारी मंदसौर युवा सेना अध्यक्ष श्याम सिंह पंवार द्वारा बताया कि उज्जैन में युवा महोत्सव के सफल आयोजन हेतु संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। युवा सेना के सभी संगठन के वरिष्ठ एवं अनुभवी पदाधिकारी हैं, जिन्होंने अपने समर्पण, मेहनत एवं संगठन के प्रति निष्ठा से मजबूत आधार तैयार किया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सामूहिक प्रयास, अनुशासन एवं समन्वय से यह आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से सफल होगा। संगठन की गरिमा एवं युवा शक्ति के प्रदर्शन हेतु आप सभी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

एक नजर — **प्रवास-बैठकों में साझा वाहन अपनाने की अपील**

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पर्यावरण संरक्षण का आह्वान

मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने भाजपा के जनप्रतिनिधियों, संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से प्रवास और बैठकों के दौरान अनावश्यक वाहनों के उपयोग से बचने तथा साझा वाहन व्यवस्था अपनाने का आग्रह किया।

दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत को लेकर किए गए आव्हान का सभी कार्यकर्ताओं को गंभीरता से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले, विधानसभा एवं मंडल स्तर पर जब मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद अथवा अन्य जनप्रतिनिधियों का दौरा निर्धारित हो, तब कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अलग-अलग वाहनों के उपयोग के बजाय एक ही वाहन में सामूहिक रूप से प्रवास करें। इससे ईंधन की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। श्री दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण विश्व के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास करे। उन्होंने पानी एवं बिजली का सीमित उपयोग, प्लास्टिक से दूरी तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का भी संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव समाजहित एवं राष्ट्रहित के विषयों को प्राथमिकता देती आई है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश स्वच्छता, हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

नीमच

एक नजर में

नियम तोड़ने पर पुलिस ने बनाए 109 चालान

नीमच। थाना प्रभारी यातायात सोनू बड़गुर्जर, यातायात टीम द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान ट्रेवल्स बस क्र एमपी 13 जेडइ 25630 यात्री बस में छत पर भारी मात्रा में लगेज भरा हुआ था, यातायात टीम द्वारा बस को जप्त कर कार्रवाई की जाकर जुर्माना वसूल किया गया। एवं शहर में चल रही ब्लैक फिल्म की चार पहिया वाहनों की ब्लैक फिल्म निकालकर चालानी कार्यवाही की गई एवं नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर उनके परिजनों को थाने पर बुलाकर वाहन न चलाने देने के संबंध में हिदायत दी गई। उक्तक कार्यवाही के दौरान कुल 109 चालान समंस शुल्क 57000 रूपये वसुल किया गया।

गायत्री परिवार की नीमच जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज

नीमच। शांतिकुंज हरिद्वार के दिव्य निर्देशन में अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला नीमच की जन्मशताब्दी संकल्प अनुयाज क्रम अन्तर्गत विस्तृत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 मई रविवार को प्रातः 9 बजे से गायत्री शक्तिपीठ नीमच पर सम्पन्न होगी।कार्यशाला अंतर्गत गायत्री परिवार के उज्जैन उपजोन के नीमच जिले की नीमच, जावद, मनासा, रामपुरा, सिंगोली एवं जीरन तहसील की नवगठित तहसील समन्वय समितियों एवं सक्रिय परिजनों हेतु 'दायित्वबोध एवं कार्यपद्धति' विषयक विस्तृत प्रशिक्षण केंद्रीय प्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

बिना अनुमति बोरिंग पर बड़ा एक्शन कलेक्टर के आदेश की अवहेलना बोरवेल संचालक पर मामला दर्ज

नीमच। प्रशासन की सख्ती अब साफ नजर आ रही है कलेक्टर के आदेश को नजरअंदाज कर अवैध बोरिंग करना एक फर्म को भारी पड़ गया मौके पर कार्रवाई के बाद अब सीधे एफआईआर दर्ज कर दी गई है। नीमच के केंट थाना क्षेत्र में अवैध बोरिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बोरवेल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के उल्लंघन पर की गई है। मामले के अनुसार आनंद विहार कॉलोनी भोलियावास क्षेत्र में 13 मई 2026 की रात बिना अनुमति के बोरवेल खनन किया जा रहा था तहसीलदार की टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित फर्म द्वारा सक्षम अधिकारी से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। जांच के दौरान मौके से बोरवेल मशीन वाहन क्रमांक एमपी 44 एचए 0570 और कम्प्रेसर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया कार्रवाई के बाद संबंधित फर्म को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया जिसमें संचालक ने इसे अज्ञानतावश हुई गलती बताया। प्रशासन ने इस जवाब को संतोषजनक नहीं माना और इसे कलेक्टर के आदेशों का सीधा उल्लंघन मानते हुए कड़ी कार्रवाई की पीएचई विभाग के उपयंत्री खुशवंत सिंह राठौर की शिकायत पर नीमच केंट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी के रूप में रामेश्वरम बोरवेल फर्म के संचालक सुयश एरन के खिलाफ मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 संशोधित 2022 की धाराएं 3 4 6 9 तथा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 ङ्क के तहत मामला कायम किया गया है।

युवती ने समाज अध्यक्ष को थप्पड़ मारे, मंदिर में बैठक के दौरान हंगामा

कॉलर पकड़कर की अभद्रता भी ...

नीमच। शहर के नीमच सिटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर नायक समाज की बैठक के दौरान हंगामा हो गया। एक युवती ने समाज के अध्यक्ष सरदार सिंह नायक को थप्पड़ मार दिए। इतना ही नहीं युवती अध्यक्ष का कॉलर पकड़कर पूछा तू होता कौन है...। यह घटना नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर में हुई, जिसका वीडियो सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, जेतपुरा पालसोड़ा निवासी सरदार सिंह नायक रघुवंशी समाज के अध्यक्ष हैं। शुक्रवार को मंदिर परिसर में समाज की मासिक बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान समाज की एक युवती वहां पहुंची। युवती ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष सरदार सिंह ने उसके चरित्र और शादी समारोह में आने-जाने को लेकर समाज के लोगों के बीच अमर्यादित टिप्पणी की थी। युवती के पास इस बातचीत की एक रिकॉर्डिंग भी थी।

बैठक में मौजूद लोगों के सामने ही युवती ने रिकॉर्डिंग का हवाला दिया और आक्रोशित होकर अध्यक्ष की कॉलर पकड़कर उन्हें थप्पड़ जड़ दिए। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। कुछ लोगों ने तुरंत बीच-बचाव कर युवती को पीछे हटाया। घटनाक्रम का वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने मोबाइल से वीडियो बना लिया। वीडियो में युवती अध्यक्ष को थप्पड़ मारते हुए दिख रही है, जिसके बाद अन्य सदस्य बीच-बचाव करते हैं। यह वीडियो अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है।

अध्यक्ष की ओर से मिला आवेदन: नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान ने बताया कि उन्हें समाज के अध्यक्ष की ओर से शिकायती आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों पक्षों के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस में शिकायत करने पहुंचे समाज अध्यक्ष

घटना के तुरंत बाद अध्यक्ष सरदार सिंह नायक समाज के अन्य पदाधिकारियों के साथ नीमच सिटी थाने पहुंचे। उन्होंने युवती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि महिला ने बैठक में आकर बिना वजह विवाद किया, मारपीट की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि युवती उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही है।

पौधों की सुरक्षा के लिए किया श्रमदान

नीमच। वृक्ष हमारे जीवन मित्र हैं जो जीवन भर जीने के लिए हमें मुफ्त वायु आक्सीजन प्रदान करते हैं, प्रकृति ने हमें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ इस धरा पर दिया है बदले में हमें भी प्रकृति को कुछ न कुछ लोटाना होगा, इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच जिले भर में चहुंओर पेड़ पोंधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दे रही है।

संस्था द्वारा विगत वर्ष हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 1500 से अधिक फलदार,फुलदार, छायादार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए थे जिनकी देखभाल समय समय पर संस्था सदस्य करते हैं यही कारण है कि रोपित पोंधे शत-प्रतिशत जीवित है, वर्तमान में भीषण गर्मी से बचाव हेतु रोपित पोधो कि सुरक्षा हेतु शनिवार दिनांक 16 मई 2026 को प्रात: 7 से 10 बजे तक वाटिका परिसर में पर्यावरण मित्रो द्वारा पोधो के आसपास से कटिंली झाड़ियों घास फूस की साफ-सफाई कर पोधो को ड्रीप के माध्यम से पानी पिलाया, अभियान में संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, निर्मल देव नरेला, सोनु नागर, राजकुमार नरेला आदि ने 3 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

एक नजर — **स्वच्छता सर्वेक्षण नजदीक आने पर नगर पालिका ने किया विकास कार्य**

30 पार्कों के आए अच्छे दिन, निखरा सौंदर्य, झूले चकरी स्वच्छता का संदेश ...

नीमच। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर के 30 पार्कों के अच्छे दिन आ गए। करीब 20 लाख लागत से शहर के बगीचों को संवार कर वहां सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। शहर को सुंदर बनाने के साथ ही बगीचे की दशा सुधारने के लिए उजाड़ हो चुके बगीचे में तरह-तरह के फलदार और फूलदार पौधे भी लगाएगी। इसके साथ ही इन बगीचों में पार्क में पेवर ब्लॉक व बैठने के लिए कुर्सियां लगाई गई है। बच्चों मनोरंजन के लिए लिए झूले, चकरी भी लगाएं गए है।शहर की सुंदरता को बढाने के लिए नगरपालिका ने शहर के प्रमुख मार्गो पर 30 से अधिक पर बडे गमलों का रंगरोगन कर संवारा गया है। इसके साथ ही डोर टू डोर चलने वाले वाहनों के माध्यम से नगरपालिका शहर की जनता से घर, सड़क, संस्थान से निकलने वाला सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र कर कचरा वाहन में डाल ने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सफाई में नंबर वन के लिए सर्वे के दौरान सकारात्मक फीडबैक देने के लिए जनता तैयार है।स्वच्छता के क्षेत्र में शहर अपनी अलग पहचान राह चल पड़ा है। शहर को हरियाली और सुंदरता की नई सौगात देने की दिखा में नगरपालिका ने कदम बढाएं है।शहर की सड़कों, फुटपाथों और डिवाइडरों रंगरोगन के साथ पर छायादार एवं फलदार पेडों पर आकर्षक रंग रोगन किया गया है है। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड और जालियां भी लगाई गई हैं। यह प्रयास शहर को प्रदूषण से मुक्त और स्वच्छ वातावरण वाला शहर बनाने की दिशा में अहम कदम है।सौंदर्यीकरण और विद्युतिकरण से सुसज्जित यह पार्क बच्चों, बुजुर्गों और हर वर्ग के लिए एक सुखद और शांत वातावरण प्रदान कर रहे है।

नपा ने शहर के इन पार्कों की बदल डाली सूरत, किया सौंदर्यीकरण: 1-राजस्व कॉलोनी,2-राठौर पार्क, 3-गांधी वाटिका, 4-जवाहर नगर अमृत गार्डन, 5-जवाहर नगर वीनू वाटिका, 6-शांति नगर बगीचा नंबर 1 ,2, 7- बालाजी एनक्लेव बालाजीधाम के पास बगीचा नंबर एक , 8-स्कीम नंबर 36 सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पास बगीचा, 9-ग्वाल टोली गणेश मंदिर के पास बगीचा, 10-विकास नगर एप्टेक कंप्यूटर के सामने स्थित बगीचा, 11-विकासेश्वर मंदिर के पास स्थित बगीचा, 12-यातायात पार्क, 13-स्कीम नंबर 34, 14- अमृत गार्डन विकास नगर, 15- आजाद पार्क शिक्षा कॉलोनी, 16 -करमेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित बगीचा शिक्षक कॉलोनी, 17 -महावीर वाटिका शिक्षक कॉलोनी, 18 -अंबेडकर कॉलोनी आसमानी माता मंदिर के पास स्थित बगीचा, 19 -गांधीनगर श्री राम हॉस्पिटल के सामने स्थित बगीचा, 20 -वैभव नगर मंदिर वाला बगीचा, 21 -वैभव नगर पानी की टंकी वाला बगीचा, 22- वैभव नगर बबीता नंबर 1, 23- कीर्ति नगर मंदिर वाला बगीचा सहित अन्य बगीचे संवर गए है।

इनका कहना

नगरपालिका का लक्ष्य केवल ढांचागत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को ऐसा शहर देना है जिस पर वे गर्व महसूस करें। स्वच्छता, हरियाली और आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयास तभी सफल होंगे जब नगरवासी हमारे सहभागी बनें। हमें विश्वास है कि नगर पालिका और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से सीधी आने वाले समय में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के आदर्श नगरों में अपनी पहचान बनाएगा।

- स्वाति चौपड़ा, अध्यक्ष नगरपालिका, नीमच।